This question paper contains 8 printed pages]

*Your Roll No*..............

**5852**

**LL.B./IV Term** **C**

Paper LB-4031

BUSINESS ASSOCIATION—II

(Company Law)

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** :—इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

Attempt any *five* questions.

*All* questions carry equal marks.

किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।

P.T.O.

1. The principle of law set out in Salomon *Vs.* Salomon & Co. Ltd. (1897) A.C. 22 (H.L.) is not always applied. Give the facts of the case and its principle of law and discuss when the judiciary or statutory provisions will not take account of that principle. 20

सालोमन **बनाम** सालोमन एंड कं. लिमिटेड (1897) के वाद में स्थापित विधि का नियम सदैव लागू नहीं होता। इस वाद के तथ्यों को बताते हुए इसके विधि के नियम को बताइए तथा उल्लेख कीजिए कि न्यायपालिका अथवा सांविधिक प्रावधान कब इस वाद के नियम का संज्ञान नहीं लेंगे।

2. (*a*) What are the contents of Memorandum of Association and how can they be altered ? 10

(*b*) Doctrine of 'Ultra Vires' as laid down in Ashbury Railway Carriage and Iron Co. Ltd. *Vs.* Riche has proved to be a dark claud for adventurous directors and careless creditors. and often companies themselves seek to by-pass it. Comment with reference to relevant case laws as well as legal position in India. 10

(अ) संगम ज्ञापन के आवश्यक तत्व क्या हैं और उन्हें कैसे बदला जा सकता है ?

(ब) ऐश्वरी रेलवे कैरिज एण्ड आयरन कं. लि. **बनाम** रिचे के वाद में पारित 'अधिकारातीत' का सिद्धान्त जिज्ञासु निर्देशकों और लापरवाह ऋणदाताओं के लिए काले बादल के समान है और कई बार कम्पनी स्वयं इसे नजरंदाज कर देती है। सुसंगत वाद विधि के आलोक में टिप्पणी कीजिए और भारत में इसकी वर्तमान विधिक प्रास्थिति बताइए।

3. (*a*) Explain the doctrine of constructive notice. What is the rule laid down in Royal British Bank *Vs*. Turquand and what defences against its application are available to a company ? 10

(*b*) What is the procedure for transfer of registered office of a company from one state to another state ? Can the state from where the registered officer is to be transferred. oppose the same on the ground of loss of revenue and loss of employment opportunity. Discuss with the help of relevant case laws. 10

(अ) आन्वयिक सूचना के सिद्धान्त को समझाइए। रॉयल ब्रिटिश बैंक **बनाम** टारकण्ड के वाद में क्या नियम धारित किया गया और इसके प्रयोग के विरुद्ध कम्पनी के लिए क्या बचाव उपलब्ध हैं ?

(ब) किसी कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय को एक राज्य से दूसरे राज्य में स्थानान्तरित करने की क्या प्रक्रिया है ? क्या वह राज्य जहाँ से इसे स्थानांतरित किया जा रहा है, इस आधार पर विरोध कर सकता है कि इस स्थानान्तरण से उसे राजस्व और रोजगार का नुकसान होगा ? सुसंगत वाद विधि की सहायता से विवेचना कीजिए।

4. (*a*) "The rule of equity which insists on those, who by case of a fiduciary position make a profit, being liable to account for that profit in no way depends on fraud or absence of bonafides ........". Examine the statement with reference to the relationship of director with his company. 10

(*b*) The board of directors of Picaso Mines Ltd. Co. was approached by Mr. Frodo who wishes to sell a venture to the company. The proposal was rejected by the company after consideration by the board. Later on Mr. William who was director of the company has purchased the venture. After few years Mr. Williams resold the venture to a company and earned huge profit. Discuss whether Mr. William was liable to account for it. 10

(अ) ''साम्य का सिद्धान्त जो इस बात पर जोर देता है कि 'वे जो वैश्वासिक स्थिति का फायदा उठाकर लाभ अर्जित करते हैं, इस लाभ के प्रति उत्तरदायी हैं,' किसी भी तरह से कपट अथवा सद्भाव के अभाव पर आधारित नहीं है।''

उपर्युक्त कथन का निर्देशकों का कम्पनी के साथ संबंध के प्रकाश में परीक्षण कीजिए।

(ब) श्रीमान फ्राडो पिकासो माइन्स लि. कं. के निर्देशक मण्डल को इस आशय के साथ पहुँचते हैं कि वह कं. को अपना वेंचर बेच सकें। निर्देशक मण्डल के विचारविमर्श के बाद कम्पनी ने श्रीमान फ्राडो के प्रस्ताव को अस्वीकृत कर दिया। बाद में श्रीमान विलियम ने, जो कि कम्पनी के निर्देशक थे, इस प्रस्ताव को खरीद लिया। कुछ वर्षोपरान्त श्रीमान विलियम ने इसी प्रस्ताव को दूसरी कम्पनी को बेच दिया और बड़ा लाभ कमाया। उल्लेख कीजिए क्या श्रीमान विलियम इस लाभ के लिए उत्तरदायी हैं कि नहीं।

5. (*a*) Discuss the rule laid down in Foss *Vs*. Harbottle along with its exceptions. 10

(*b*) When can an application be made under section 397 and section 398 ? What reliefs can be granted on such application ? 10

(अ) फास **बनाम** हारबॉटल में प्रतिपादित विधि के सिद्धान्त का अपवादों सहित उल्लेख कीजिए।

(ब) धारा 397 और 398 के तहत प्रार्थनापत्र कब दिया जा सकता है ? इस प्रार्थनापत्र पर क्या-क्या राहतें दी जा सकती हैं ?

6. Explain the winding up of the company. Write down the different modes available for the winding up a company with special reference to compulsory winding up by court. 20

कम्पनी के परिसमापन को समझाइए। परिसमापन के लिए उपलब्ध विभिन्न माध्यमों का कम्पनी के न्यायालय द्वारा परिसमापन के विशेष संदर्भ में उल्लेख कीजिए।

7. Explain the salient features of the Companies Bill, 2012. 20

कम्पनीज बिल, 2012 के मूलभूत लक्षणों को समझाइए।

8. Write short notes on any *two* of the following : 20

(*a*) Kinds of company

(*b*) Promoter

(*c*) Director Identification Number.

निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(अ) कम्पनी के प्रकार

(ब) प्रोमोटर (प्रवर्तक)

(स) निर्देशक विशिष्टिकरण संख्या।